# वार्षिक प्रतिवेदन

## सत्र–1 अप्रैल, 2024 से 31 मार्च, 2025

## राजकीय महाविद्यालय, जसिया (रोहतक)

### महाविद्यालय इतिहासः

राजकीय महाविद्यालय जसिया का शुभारंभ जसिया तथा आसपास के ग्रामोण क्षेत्रों के बच्चों के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए मई, 2013 को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, जसिया में किया गया। महाविद्यालय के नवीन भवन के निर्माण का शिलान्यास तत्कालीन सांसद श्री दीपेंद्र सिंह हुड्डा के कर कमलों द्वारा तथा श्री कुलदीप नंबरदार की गरिमामय उपस्थिति में अगस्त 2013 को संपन्न हुआ। जुलाई 2018 में राजकीय महाविद्यालय जसिया का नया भवन बनकर तैयार हुआ तथा महाविद्यालय राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जसिया से नवीन भवन में स्थानांतरित हो गया । यह महाविद्यालय 165 विद्यार्थियों, 5 शिक्षकों व 3 गैर शैक्षणिक कर्मचारियों से शुरू हुआ हमारा यह महाविद्यालय परिवार आज 679 विद्यार्थियों, 19 शिक्षकों तथा 12 गैर शैक्षणिक कर्मचारियां के एक भरे पूरे परिवार में परिवर्तित होकर दिन दूनी और रात चौगुनी उन्नति कर रहा है। यह छोटा सा पौधा आज वट वक्ष के रूप में प्रगति के पथ पर अग्रसर है।

### भवन निर्माणः

विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए महाविद्यालय के पास एक बहुत ही सुव्यवस्थित इमारत है। हरियाणा सरकार की देख रेख में महाविद्यालय के तीन मंजिला भव्य भवन का निर्माण किया गया। इस भवन में प्राचार्य कार्यालय, स्टाफ रूम, प्रशासनिक कार्यालय, सेमिनार कक्ष के साथ साथ शैक्षणिक कार्य के लिए एक मनोविज्ञान प्रयोगशाला, दो भूगोल प्रयोगशाला, एक कंप्यूटर प्रयोगशाला, एक स्मार्ट कक्ष तथा पर्याप्त शिक्षण कक्ष है। महाविद्यालय में विभिन्न प्रकाष्ठ जैस प्लेसमेंट प्रकोष्ठ, महिला प्रकोष्ठ, एन.एस.एस, वाई.आर.सी. आदि के कार्यालय सहित कुल 48 कमरे है।

## महाविद्यालय परिवारः

हमारे महाविद्यालय में 19 नियमित प्राध्यापक एवं प्राचाया है। डॉ. प्रदीप मान गणित विभाग में प्रतिनियुक्ति होकर आए ह। आउट सोर्स पर एक लैब अटेंडेंट, एक माली और एक स्वीपर है। महाविद्यालय में नॉन टीचिंग स्टाफ में एक उपअधीक्षक, एक सहायक, एक लिपिक, एक स्टेनो टाइपिस्ट, एक जे.एल.ए. ,दो एल. ए. तथा आठ पद ग्रुप डी के लिए स्वीकृत हैं। जिसमें से केवल एक उप–अधीक्षक, एक सहायक, एक लिपिक, तीन ग्रुप डी और एक जे.एल.ए. के पद पर नियमित कर्मचारी कार्यरत है। स्टेनो का पद रिक्त है। पुस्तकालय विभाग में तीन पद स्वीकृत हैं एवं सभी पद रिक्त है।

इस सत्र में प्राचार्य डॉ. रणवीर काद्यान सेवानिवृत्त हुए तथा प्राचार्या डॉ. सुदेश लाठर जी स्थानांतरित होकर आए।

## बर्सर

डॉ. बबीता (वाणिज्य विभाग) बर्सर के पद पर सुशोभित हैं व पूर्ण निष्ठा एवम् लग्न से कर्तव्य को निभा रही ह ।

## रजिस्ट्रार

डा. महक प्राध्यापक अर्थशास्त्र विभाग, रजिस्ट्रार के पद पर सुशोभित है। श्री सदींप असिसटैंट के सहयोग से पूर्ण निष्ठा एवं लगन से विश्वविद्यालय से संबधित कार्यो का निर्वहन कर रहे है।

## वार्षिक परीक्षा परिणाम वर्ष 2023–2024

स्नातक कला संकाय एवं वाणिज्य संकाय (प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय वर्ष)

Govt. College Jassia (Rohtak)
All classes result for the session 2023-24 (B.A /B.com)

| Class | Total students | Appeared in Exam | Total Pass | Total Fail | College % | University % | Difference % |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| B.A 1st SEM | 239 | 231 | 42 | 189 | 18 | 24.51 | -6.51 |
| B.A 2nd SEM | 239 | 199 | 86 | 113 | 56.78 | 35.79 | 7.42 |
| B.A 3rd SEM | 197 | 182 | 98 | 84 | 53.84 | 41.9 | 11.94 |
| B.A 4th SEM | 196 | 176 | 112 | 64 | 63.63 | 45.54 | 18.09 |
| B.A 5th SEM | 121 | 116 | 61 | 55 | 52.58 | 47.94 | 4.64 |

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| B.A 6th SEM | 121 | 111 | 71 | 40 | 63.96 | 57.19 | 6.77 |

Govt. College Jassia (Rohtak)
All classes result for the session 2023-24

| Class | Total students | Appeared in Exam | Total Pass | Total Fail | College % | University % | Difference |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| B.COM 1st SEM | 13 | 12 | 4 | 8 | 33.33 | 23.19 | 10.14 |
| B.COM 2nd SEM | 13 | 10 | 4 | 6 | 40 | 20.87 | 19.13 |
| B.COM 3rd SEM | 13 | 12 | 7 | 5 | 58.33 | 39.71 | 18.62 |
| B.COM 4th SEM | 13 | 12 | 8 | 4 | 66.66 | 42.90 | 23.76 |
| B.COM 5th SEM | 20 | 19 | 6 | 13 | 31.57 | 50.19 | -18.62 |
| B.COM 6th SEM | 20 | 17 | 6 | 11 | 35.29 | 57.12 | -21.83 |

## विद्यार्थी संख्या एवं संकायः

**महाविद्यालय के सत्र 2024–25 मं विद्यार्थियों को कुल संख्या 679 हैं।**

संकाय अनुसार विवरण इस प्रकार हैः–

| संकाय | वर्ष | छात्र | छात्राएं | कुल संख्या |
|---|---|---|---|---|
| बी. ए. | प्रथम वर्ष | 176 | 63 | 239 |
| बी. ए. | द्वितीय वर्ष | 141 | 56 | 197 |
| बी. ए. | तृतीय वर्ष | 85 | 36 | 121 |
| बी.कॉम. | प्रथम वर्ष | 13 | 0 | 13 |
| बी.कॉम. | द्वितीय वर्ष | 08 | 5 | 13 |
| बी.कॉम. | तृतीय वर्ष | 14 | 6 | 20 |

## राष्ट्रीय पर्व

महाविद्यालय में स्वतंत्रता दिवस और गणतंत्र दिवस उत्साहपूर्वक मनाए गए। 21 जून, 2024 को योग दिवस मनाया गया ।

## मंच संचालन

महाविद्यालय के प्रांगण में वर्ष भर आयोजित गतिविधियों में मंच संचालन का उत्तरदायित्व डॉ. मीनाक्षी दहिया एवं डॉ. बबीता ने कुशलतापूर्वक निभाया ।

## शैक्षणिक पाठ्यक्रमः

हरियाणा के रोहतक जिले के ग्रामीण क्षेत्र में स्थित यह महाविद्यालय जसिया और आसपास के क्षेत्रों के 679 से अधिक विद्यार्थियों की शैक्षिणक आवश्कताओं को पूरा करता है। अत्यधिक समर्पित और अनुभवी शिक्षकगण के क,शल मार्ग दर्शन व नियमित पर्यवेक्षण में यहाँ बी.ए. और बी.कॉम. के दो स्नातक एवं एक स्नात्कोत्तर पाठ्यक्रम चल रहे हैं।

# प्रशासनिक निकाय

## मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद, प्रभारीः डॉ.मीनाक्षी दहिया

हमारी सबसे बड़ी उपलब्धि यह है कि महाविद्यालय **NAAC** से **B Grade** के साथ एक सराहनीय स्कोर लेकर मान्यता प्राप्त कर चुका है । राजकीय महाविद्यालय जसिया को महेंद्रगढ़ जिलें के 15 कॉलेजा का मेंटर बनाया गया है। नेक कमेटी के द्वारा 2023–24 की **IQAR** सफलतापूर्वक जमा की गई ।

## विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, प्रभारीः डॉ. मीनू

यूजीसी की विभिन्न योजनाओं को लागू करने के लिए कॉलेज में यूजीसी कमेटी का गठन किया गया है।

## रूसा, प्रभारीः डॉ. मीनू

राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान भारत में उच्च शिक्षा के लिए विकास की एक समग्र योजना है जो उच्च शिक्षण संस्थानों को रणनीतिक वित्त पोषण प्रदान करती है।

## विश्वविद्यालय मामले समितिः

डा. महक के नेतृत्व में दिनांक 24.08.2024 को प्रो. सचिंद्र सिंह ( भूगोल विभाग) एवम् अन्य सदस्यों के संयोजक के अधीन एम.डी.य. द्वारा गठित समिति द्वारा एम .ए प्रथम वर्ष में भूगोल विषय के शुरू करने के संबंध में निरीक्षण किया गया था। डा. सतीश के नेतृत्व में दिनांक 19.03.2025 को डॉ. बीनू सांगवान (भूगोल विभाग) एवम् अन्य सदस्यों के संयोजक के अधीन एम.डी.यू. द्वारा गठित समिति द्वारा एम .ए प्रथम वर्ष में भूगोल विषय को शुरू करने उपरांत अफिलिएशन व कन्टिनुएशन से संबधित निरीक्षण किया गया था। सत्र 2024–25 मे महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के द्वारा नई शिक्षा नीति के अनुसार दाखिले किए गए।

## पढो और कमाओ, प्रभारीः श्रीमती सुप्रिया धनखड

सत्र 2024–25 में पढ़ो और कमाओ योजना को रु 60,000/– का अनुदान प्राप्त हुआ । मेधावी और जरूरतमंद छात्रों को वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए कॉलेज ने राज्य सरकार द्वारा दी गई हिदायतों के अनुसार वित् पोषित ‘पढ़ो और कमाओ योजना’ लागू की है । यह योजना छात्रों को अपने खर्चों को पूरा करने के लिए सीखते हुए कमाई करने की अनुमति देती है ।

वर्ष 2024–25 में 12 छात्र प्रशासनिक कार्यालय, पुस्तकालय, प्रयोगशालाओं और संगणक प्रयोगशाला आदि में काम करने के लिए लगे हुए हैं ।

### शैक्षणिक भ्रमण प्रभारीः– डा. सन्दीप कुमार

निदेशालय उच्चतर शिक्षा विभाग, पंचकूला (हरियाणा) से प्राप्त शैक्षणिक भ्रमण हेतु प्राप्त अनुदान का उपयोग करने के लिए राजकीय महाविद्यालय जसिया (रोहतक) के विद्यार्थियों ने 28 नवंबर, 2024 को कुरुक्षेत्र के विभिन्न स्थानों का एक दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण किया । इस शैक्षणिक भ्रमण के दौरान छात्रों ने सबसे पहले कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में स्थित धरोहर संग्रहालय और 1857 के युद्ध संग्रहालय का दौरा किया । यहां उन्होंने हरियाणवी संस्कृति के इतिहास के बारे में विस्तृत रूप से

जाना। युद्ध संग्रहालय में छात्रों ने उस समय अवधि को दर्शाते हुए चित्रों, मूर्तियों, भितिचित्रों और कई अन्य चीजों के माध्यम से **1857** के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के बारे में जाना । इसके बाद छात्रों ने कुरुक्षेत्र के थानेसर में स्थित शेख चिल्ली की दरगाह का भ्रमण किया और अंत में उन्होंने ब्रह्म सरोवर पर गीता जयंती महोत्सव का आनंद लिया । इस शैक्षणिक यात्रा के प्रभारी डॉ. संदीप कुमार और यात्रा समिति के सदस्य श्री कुलदीप कुमार ने भ्रमण के दौरान छात्रों का मार्गदर्शन किया और विद्यार्थियों को इन स्थानों के बारे में जानकारी प्रदान की ।

छात्रवृत्तियां, प्रभारीः श्री कुलदीप

यह प्रकोष्ठ सरकार द्वारा शुरू की गई विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं जैसे अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्ग छात्रवृत्ति, मेधावी जरूरतमंद छात्र–छात्राओं आदि के लिए छात्रवृत्तिया प्रदान करने का कार्य निष्पादित करती है।

विद्यार्थियों को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने के उद्देश्य से विभिन्न वर्गों की छात्रवृतियाँ इस वर्ष प्रदान की गई।

स्नातक स्तर तक विद्याार्थियों को दी जाने वाली छात्रवृतियाँ :–

1.अनुसूचित जाति की छात्रवृतियाँ – **73**

2.पिछड़े वर्ग को छात्राओं की छात्रवृतियाँ – **15**

3.हरियाणा मैरिट स्कॉलरशिप (**Top Ten Fresh 2023–24**) – **07**

4.हरियाणा मैरिट स्कॉलरशिप (**Top Ten Renewal 2023–24**) –**04**

5.हरियाणा स्टेट मैरिट स्कॉलरशिप **(Haryana State Meritorious Incentive Scheme–10**

कुल छात्रवृतियाँ–**109**

महाविद्यालय में छात्रवृतियों से सम्बन्धित कार्य नोडल अधिकारी श्री कुलदीप व लिपिक श्री मुकेश भारद्वाज के मार्ग दर्शन में किया जाता है।

## इंटरनेट

श्रीमती रिचा, प्राध्यापिका वाणिज्य विभाग की देखरेख में इंटरनेट के अंतर्गत ब्रॉडबैंड कनेक्शन वर्ष भर सुचारू रूप से चलते रहे ।

## पुस्तकालय, प्रभारीः डॉ. सतीश कुमार

महाविद्यालय में छात्र व छात्राओं के लिए एक पुस्तकालय है, जिसमें एक साथ लगभग 100 विद्यार्थी अध्ययन कर सकते हैं। पुस्तकालय में चार कंप्यूटर, तीन प्रिंटर व इंटरनेट की सुविधा उपलब्ध है । वर्तमान में पुस्तकालय में 3639 पुस्तकं उपलब्ध ह, जनमं पाठ्य–पुस्तकों व सामान्य पुस्तकों के साथ–साथ प्रतिस्पर्धा से संबंधित पुस्तकं भी उपलब्ध ह । पुस्तकालय में विद्यार्थियों के लिए तीन समाचार पत्र मंगवाये जाते हैं। जिनसे विद्यार्थी हिंदी व अंग्रेजी भाषा में ताजा समाचार व आसपास में होने वाली गतिविधियों का ज्ञान प्राप्त करते हैं । विद्यार्थियों के लिए पुस्तकालय सभी कार्य दिवसों पर 9 से 4 बजे तक खुला रहता है । पुस्तकालय का कार्य भार वर्तमान में अंग्रेजी के प्राध्यापक डॉ. सतीश कुमार संभाल रहे हैं। पुस्तकालय में एक सुख सहायक श्रीमती कविता विद्यार्थियों की सहायता के लिए हर वक्त उपलब्ध रहती है ।

## मेंटर–मेंटी, प्रभारीः डॉ. प्रीति

छात्रों और शिक्षकों के बीच के बंधन को और मजबूत करने के लिए महाविद्यालय द्वारा मेंटर मेंटी परंपरा को अपनाया गया है । महाविद्यालय के सभी विधार्थियों को 35 से 40 छात्रों के छोटे–छोटे समूहों में विभाजित किया गया ह। प्रत्येक समूह को एक संरक्षक शिक्षक आवंटित किया जाता है जो महाविद्यालय में रहने के दौरान और उसके बाद भी उन छात्रों के कार्यवाहक और मार्गदर्शक के रूप में कार्य करता है । इस परंपरा के तहत नियमित ट्यूटोरियल बैठकें आयोजित की जाती हैं, जहां छात्रों को उनके शिक्षकों द्वारा संस्थान से संबंधित विभिन्न मुद्दों जैसे परिसर में अनुशासन , स्वच्छता के महत्व नियमित उपस्थिति, परीक्षा पैटर्न, पुस्तकालय का उपयोग आदि के बारे में निर्देशित किया जाता है । उन्हें जीवन में चरित्र और व्यक्तित्व के महत्व के बारे में भी जागरूक किया जाता है। समय समय पर शिक्षकों द्वारा समाज के प्रति छात्रों के दायित्व पर प्रकाश डाला जाता है ।

## अनुशासन और आंतरिक शिकायत समिति प्रभारीः डॉ. मीनाक्षी काद्यान

छात्रों में अनुशासन की आदत डालने पर विशेष ध्यान दिया जाता है ताकि वे न केवल अपनी प्रगति के लिए काम करें बल्कि अच्छे नागरिक भी बनें और देश को आगे बढ़ाएं। इस उद्देश्य के लिए एक अनुशासन समिति और एंटी रैगिंग सेल का गठन किया गया है जिसे परिसर में अनुशासन बनाए रखने और छात्रों को परिसर को स्वच्छ और शांतिपूर्ण रखने के लिए मार्गदर्शन करने का कार्य सांपा गया है। परिसर में छेड़खानी और यौन उत्पीड़न के खिलाफ छात्राओं और महिला कर्मचारियों की सुरक्षा के लिए एक आंतरिक शिकायत समिति और यौन उत्पीड़न प्रकोष्ठ का गठन किया गया है ।

## खेल गतिविधियां, प्रभारीः डॉ– मीनाक्षी काद्यान

- 29 अगस्त को राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मनाया गया । इस अवसर पर इंट्रा क्लास फनी दौड़ो का आयोजन किया गया ।
- महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक द्वारा 19.09.2024 आयोजित इंटर कॉलेज क्रॉस कंट्री रेस में महाविद्यालय की (महिला वर्ग) टीम ने भाग लिया ।
- 12.12.2024 को खेल परिसर में महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक द्वारा आयोजित इंटर कॉलेज महिला कुश्ती चंपियनशिप में महाविद्यालय की महिला टीम ने भाग लिया।
- 10.12.2024 को खेल परिसर में महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक द्वारा आयोजित पुरुष कुश्ती चंपियनशिप में महाविद्यालय के पुरुष वर्ग में खिलाड़ियों ने भाग लिया ।
- 11.12.2024 को ग्रीको रोमन प्रतियोगिता में महाविद्यालय के खिलाड़ी साहिल ने अपने भार वर्ग में तृतीय स्थान प्राप्त किया।
- 08 नवम्बर, 2024 से 10 नवंबर, 2024 तक खेल परिसर में महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, रोहतक द्वारा आयोजित इंटर कॉलेज

एथलेटिक टूर्नामेंट में महाविद्यालय की एथलेटिक (महिला वर्ग) टीम ने भाग लिया ।

- महाविद्यालय के बी.ए. प्रथम वर्ष के खिलाड़ियों हिमांशु और हर्ष ने महर्षि दयानंद यूनिवर्सिटी द्वारा 18 नवम्बर से 20 नवंबर, 2024 तक आयोजित इंटर कॉलेज कराटे प्रतियोगिता में भाग लिया और टीम काटा मे स्वर्ण पदक प्राप्त किया। हिमांशु ने अपने 75kg भार वर्ग में तृतीय स्थान प्राप्त किया। महाविद्यालय के दोनों खिलाड़ियों का चयन इंटरयूनिवर्सिटी चेंपियनशिप के लिए किया गया । ऑल इंडिया इंटरयूनिवर्सिटी में भी इन खिलाड़ियों का बहतर प्रदर्शन रहा और टीम काटा में स्वर्ण पदक प्राप्त किया ।
- 22.02.2025 को सैनी कॉलेज, रोहतक में महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित इंटर कॉलेज खो–खो टूर्नामेंट में महाविद्यालय की खो–खो टीम ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए रजत पदक जीता । महाविद्यालय के चार खिलाड़ियों को ऑल इंडिया इंटरनिवर्सिटो चैंपियनशिप के लिए चयन किया गया ।
- 04 नवम्बर, 2024 को महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, राहतक द्वारा आयोजित इंटर कॉलेज वुशु प्रतियोगिता में महाविद्यालय के बी.ए. प्रथम वर्ष के खिलाड़ी कैलाश ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।
- 31 जनवरी, 2025 को महाविद्यालय की 12 वीं वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसम महाविद्यालय के खिलाड़ियों ने बढ़–चढ कर भाग लिया । बी.ए. तृतीय वर्ष के खिलाड़ी परीक्षित को सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के खिताब से नवाजा गया।

## अन्य गतिविधियाँः

- शारीरिक शिक्षा विभाग द्वारा 21 जून, 2024 को अंतरराष्टोय योग दिवस के अवसर पर विद्यार्थियों और स्टाफ सदस्यों के लिए योग क्रियाओं का आयोजन महाविद्यालय प्रांगण में किया गया ।
- प्लेसमेंट सेल के सहयोग से शारीरिक शिक्षा के विद्यार्थियों के लिए विस्तत व्याख्यान का आयोजन किया गया, जिसमे राजकीय महाविद्यालय, बड़ौता के शारीरिक शिक्षा प्राध्यापक डॉ. प्रदीप कुंडू ने "शारीरिक शिक्षा" में रोजगार के अवसर विषय पर विद्यार्थियों को जागरूक किया।
- शारीरिक शिक्षा विभाग द्वारा विद्यार्थियों को खेलकूद के क्षेत्र में करियर बनाने के लिए मार्गदर्शन किया ।

## राष्ट्रीय सेवा योजना, प्रभारीः डॉ–जागिन्द्र

दिनांक 09.07.24 को महाविद्याालय में पौधा रोपण का आयोजन किया गया। दिनांक 15.08.24 को स्वतंत्रता दिवस मनाया गया । दिनांक 17. 09.24 को एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। जिसम पौधा रोपण व पौधों की कटाई–छटाई की गयी । दिनांक 17.09.24 से 02. 10.24 तक स्वच्छता पखवाडा का आयोजन किया गया । दिनांक 16 अक्टूबर, 2024 को महाविद्यालय परिसर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया, जिसमे विधार्थियों ने बढ़–चढ़ कर भाग लिया । दिनांक 21.11.24 को एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया । जिसमे महाविद्याालय की साफ–सफाई की गयी। दिनांक 25.11.24 को सविधान दिवस मनाया गया । जिसमे पोस्टर, स्लोगन व निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । महाविद्याालय में नवम्बर व दिसम्बर के महीने विकसित भारत क्विज का आयोजन किया गया।

जिसमे विधार्थियों ने बढ़–चढ़ कर भाग लिया। दिनांक 17.01.25 को “संविधान हमारा स्वाभिमान वाचन” पर प्रतियोगिताएं करवाई गई । दिनांक 20 जनवरी से 25 जनवरी 2025 तक सूर्यनमस्कार कार्यक्रम का आयोजन किया गया । दिनांक 25.01.25 को मतदाता दिवस मनाया गया दिनांक 30.01.25 को एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। जिसमे स्वयंसेवकों ने वार्षिक खेल–कूद प्रतियोगिता मीट के लिए खेल मैदान को साफ करने व मार्किंग करने में योगदान दिया और साथ साथ महाविधालय में साफ–सफाई का कार्य किया ।

दिव्यांगजन के लिए समान अवसर प्रकोष्ठ, प्रभारीः डॉ. जोगिन्द्र

दिव्यांगजन के लिए समान अवसर प्रकाष्ठ के प्रभारी के रूप में दिव्यांगजन छात्रों को विशेष सुविधा और विशष देखभाल प्रदान की जाती है। छात्रों को ई–लर्निंग पोर्टल तक पहुंचने में मदद की जाती है।

दिव्यांगजन प्रकोष्ठ विशेष रूप से दिव्यांग छात्रों के समग्र विकास और उनके अधिकारों की सुरक्षा के लिए कार्यरत है, यह प्रकोष्ठ संस्थान में समावेशी शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कार्य करता है जिससे दिव्यांग विद्यार्थियों को शिक्षा प्राप्त करने में किसी प्रकार की कठिनाई न हो ।

संस्थान में दिव्यांग छात्रों की सुविधा के लिए रैंप तथा विशेष शौचालय की व्यवस्था की गई है।

आयकर जांच प्रकाष्ठ, प्रभारीः सुप्रिया धनखड

आयकर जाँच समिति प्रभारी के रूप में कार्यालय के तहत सभी उत्तरदायी कर्मचारियों का आयकर समय पर सत्यापन किया गया ।

जिसकी सूचना आवश्यक कार्रवाई (यदि कोई हो) के लिए कार्यालय को रिपोर्ट प्रस्तुत की गई है ।

आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकाष्ठ, **IQAC** प्रभारीःडॉ0 बबीता

स्टाफ सदस्यों के लिए ''डिजिटल लर्निंग'' विषय पर दिनांक **22/07/2024** को कार्यशाला का आयोजन किया गया । ''स्नातक पाठ्यकर्मो के लिए एवं केडिट ढांचा'' विषय पर दिनांक **15/07/2024** स्टाफ सदस्यों के लिए अभिविन्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया । दिनांक **15/07/2024** को ''हरित पहल'' कार्यक्रम के अन्तर्गत पौधारोपण किया गया । दिनांक **30/07/2024** महाविद्यालय के नये विद्यार्थियों के लिए अभिविन्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया । महाविद्यालय के लिए सत्र 2024–25 की ''सस्थागत विकास योजना'' तैयार किया गया व महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय को प्रेषित किया गया । महाविद्यालय के विद्यार्थियों के समग्र विकास के लिए राजकीय महाविद्यालय मोखरा स्काई लाइन जिओ इनफोरमैटिक्स रोहतक के साथ एम ओ यू किया गया।

सांस्कृतिक कार्यक्रम, प्रभारीः डॉ0 मीनाक्षी दहिया

21.09.24 को प्रतिभा खोज प्रतियोगिता का कॉलेज प्रांगण में सफल आयोजन किया गया। 13.11.24 से15.11.24 तक विद्यााथिर्यों ने जोनल यूथफेस्टिवल के तहत विभिन्न प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया। 01–02–25 को दीनबंधू चौधरी छोटूराम जी के 144वें जन्मोत्सव क उपलक्ष्य में जाट कॉलेज, रोहतक द्वारा आयोजित भाषण प्रतियोगिता में अनिश बी.ए., तृतीय वर्ष के छात्र ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। पत्र संख्या **DHE&170005/2&2024 NPE** (2) दिनांक 25.11.24 के तहत सत्र 2024–25 के सांस्कृतिक उत्सव के लिए 30000/– की राशि प्राप्त

हुई। जिसके अंर्तगत सृजन–25 का सफल आयोजन किया गया जिसमें रूपये 28808/–खर्च हुए।

महर्षि दयांनद विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित रगं बहार उत्सव में बच्चों द्वारा विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लिया।

रेड रिबन कल्ब, यूथ रेड क्रास, मेडिकल व हेल्थ प्रभारीः डा.कविता

2 दिसंबर 2024 को विश्व एड्स दिवस के उपलक्ष्य में पोस्टर मेकिंग तथा मानव श्रृंखला का आयोजन किया गया । 12 जनवरी, 2025 को महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय में संविधान गौरव समारोह एवं राष्ट्रीय युवा दिवस पर 13 स्वयंसेवकों के साथ वाईआरसी कोऑर्डिनेटर ने भी भाग लिया। 27 जनवरी, 2025 से 31 जनवरी, 2025 तक महारानी किशोरी जाट कन्या महाविद्यालय में रितु, अभिषेक और रजत ने पांच दिवसीय जागरूकता कैंप में भाग लिया । 14 फरवरी 2025 को महाविद्यालय में टोल फ्री नंबर का प्रमोशन किया गया तथा स्वयंसेवकों के लिए जागरूकता व्याखान का आयोजन किया गया । 15 फरवरी 2025 को महाविद्यालय में वाईआरसी और आरआरसी के स्वयंसेवकों द्वारा मानव क्षृखला चेन बनाई गई । 18 फरवरी 2025 से 22 फरवरी 2025 तक महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय में पांच दिवसीय यूथ रेड क्रॉस कैंप में अमन, अभिषेक और रजत के साथ वाईआरसी काउंसलर ने भाग लिया । 28.03.2025 को रक्तदान शिविर का आयोजन महाविद्यालय में किया गया, जिसमें 32 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया।

प्लेसमेंट सेल वार्षिक गतिविधियां, प्रभारीः श्रीमती सीमा

प्लेसमेंट सेल राजकीय महाविद्यालय, जसिया को विभाग की तरफ से ₹3500/– (87–ओनरेरियम) तथा ₹3798/– (24 M&S) की अनुदान प्राप्त हुई। प्लेसमेंट सेल द्वारा विद्यार्थियों के लिए आवश्यक तथा

महत्वपूर्ण 8 प्रतियागिता पुस्तकें (24M&S) गांट से मंगवाई गई। सितंबर, व अक्टूबर, 2024 में प्लेसमेंट सेल द्वारा प्रतियोगो परीक्षाओं तथा करियर के क्षेत्र में विद्यार्थियों को मार्गदर्शन प्रदान करने के लिए विभिन्न विस्तार व्याख्यानों का आयोजन करवाया गया।

<u>जीवनवृत्ति परामर्श प्रकोष्ठ वार्षिक गतिविधियाँ, प्रभारी : श्रीमती सीमा</u>

जीवनवृत्ति परामर्श प्रकोष्ठ महाविद्यालय के छात्रों को उनके करियर से संबधित परामर्श प्रदान करता है। इसके अतंर्गत कैलीग्प्रफो से संबंधित विस्तार व्याखान का आयोजन करवाया गया।

<u>वेब पोर्टल</u>

सूचना प्रौद्योगिकरण के अंतर्गत श्रीमती रिचा के नेतृत्व में महाविद्यालय के वेब पोर्टल का काम सुचारू रूप से चल रहा है।

<u>महिला प्रकोष्ठ, प्रभारीः डॉ. प्रीति</u>

सत्र 2024–25 में महिला प्रकाष्ठ को पत्र क्रमांक न० DHE& 170005/ 1/2023NPE (2), के तहत दिनांक 18.11.2024 को रु० 20000/–की गांट प्राप्त हुई। दिनांक 17.09.2024 को महिला प्रकोष्ठ के द्वारा ललित कला में कैरियर के अवसर विषय पर विस्तृत व्याखान एक्सटेशन लेक्चर का आयोजन किया गया। दिनांक 11.10.2024 को महिला प्रकोष्ठ के द्वारा बालिका दिवस के उपलक्ष्य में पोस्टर मेकिग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। दिनांक 20.11.2024 को महिला प्रकोष्ठ के द्वारा "लोक माता अहिल्या बाई होलकर के 300वा जन्म जयंती वर्ष" विषय पर विस्तृत व्याखान का आयोजन किया गया। दिनांक 27.11.2024 को महिलाओं के अधिकारों के बारे कानूनी जागरूकता" विषय पर विस्तृत व्याखान का आयोजन किया गया। दिनांक 29 और 30 जनवरी 2025 को "परिधान डिजाइनिंग" कार्यशाला का आयोजन महिला

प्रकोष्ठ के द्वारा किया गया। दिनांक 4 फरवरी से 10 फरवरी 2025 तक "नृत्य कार्यशाला" का आयोजन महिला प्रकाठ के द्वारा किया गया। दिनांक 19 फरवरी 2025 को "महिलाओं की सुरक्षा कानून" विषय पर महिला प्रकोष्ठ के द्वारा विस्तृत व्याखान का आयोजन किया गया।

कानूनी साक्षरता प्रकोष्ठ  प्रभारीः— डा. प्रीति अंग्रेजी विभाग

दिनांक 14—8—2024 को लीगल लिटरेसी सेल के द्वारा निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। दिनांक 5—9—2024 को लीगल लिटरेसी सेल के द्वारा कार्ड मेकिग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। दिनांक 15—10—2024 को विश्व विद्यार्थी दिवस मनाते है। इस अवसर पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

योग क्लब प्रभारीः— डा. मीनाक्षी दहिया

योग क्लब द्वारा 21 जून, 2024 को महाविद्यालय प्रांगण में विश्व योग दिवस मनाया गया। योग क्लब के द्वारा प्रत्येक सोमवार को सुबह 8:15 से 9:00 तक योग व ध्यान का विद्यार्थियों और स्टाफ सदस्यों के लिए सफलतापूर्वक  आयोजन किया गया। उच्चतर शिक्षा निदेशालय के निर्देशानुसार याग क्लब के तत्वाधान में हर धर सूर्य नमस्कार कार्यक्रम के अंतगत, एक साप्ताहिक (20 जनवरी 2025 से 25 जनवरी 2025) सूर्य नमस्कार का आयोजन किया गया। योगा क्लब इंचार्ज द्वारा बच्चों को सूर्य नमस्कार के लाभ प्रकिया से अवगत कराया गया।

आउटरीच कार्यकम प्रभारीः डॉ0 मीनू रानी

आउटरीच कार्यक्रम के अंर्तगत 29 नवंबर, 2024 को 'जरूरतमंद लोगों के बीच पुराने कपड़ों का संगह और वितरण' कार्यक्रम आयोजित किया

गया। स्टाफ सदस्यों और छात्रों के यागदान स कॉलेज परिसर में पुराने कपड़े और खाद्य सामग्री लोहान भट्टा में काम करन वाले मजदूरों को वितरित किए गए।

विभागोय गतिविधियाँ

<u>हिंदी विभागः</u>

14 सितंबर, 2024 को महाविद्यालय में हिंदी दिवस मनाया गया। 14 फरवरी, 2025 को कविता पाठ करवाया गया, जिसमें महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। 21 फरवरी, 2025 को मातृ–भाषा दिवस के उपलक्ष्य में विस्तृत व्याख्यान का आयोजन किया गया ।

<u>अंगजी विभागः</u>

महाविद्यालय में अंगजी विभाग पूरा वर्ष सक्रिय रहता है व विद्यार्थियों में पाठ्य–पुस्तकों के साथ– साथ बोलने की कला व अंगजी भाषा में निपुणता बढ़ाने के लिए समय–समय पर अनेक प्रतिस्पर्धाओं का आयोजन करता हैं । इन प्रतिस्पर्धाओं में निबंध लेखन, भाषण प्रतिस्पर्धाओं से संबंधित अंगजी विषय का ज्ञान दिया जाता है। इस वर्ष अंगजी विभाग के द्वारा निबंध लेखन प्रतियोगिता व समानार्थक ,पर्यायवाची शब्द प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक 24.02.2025 को किया गया व दूसरी प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक 22.03.2025 को किया गया।

## भ्गोल विभाग

सत्र 2024–25 के दौरान भूगोल विभाग ने शैक्षणिक एवं सह–शैक्षणिक गतिविधियों का आयोजन किया, जिनका उद्देश्य विद्यार्थियों को व्यावहारिक और सैद्धांतिक ज्ञान प्रदान करना था।

23 अगस्त 2024 राष्टोय अंतरिक्ष दिवस के अवसर पर विभाग द्वारा पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने अंतरिक्ष विज्ञान, ग्रहों की खोज और भारतीय अंतरिक्ष कार्यक्रम पर अपने विचार प्रस्तुत किए। इस अवसर पर डॉ. सैलेश द्वारा एक विस्तृत व्याख्यान दिया गया, जिसमें उन्होंने अंतरिक्ष अनुसंधान, चंद्रयान–3 और गगनयान मिशन जैसे नवीनतम प्रयासों की जानकारी दी। ओजोन दिवस 13 सितंबर, 2024 ओजोन परत संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए विभाग द्वारा पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों को ओजोन परत के क्षरण, इसके प्रभावों और संरक्षण की नीतियों पर जागरूक किया गया। इस अवसर पर आयोजित विस्तारित व्याख्यान में पृथ्वी की जलवायु प्रणाली और वायुमंडलीय परिवर्तनों पर विशेष चर्चा की गई। नवप्रवेशी उन्मुखीकरण व्याख्यान **(Orientation Lecture)** 20 सितंबर, 2024 स्नातकोत्तर भूगोल विभाग में नवप्रवेशी विद्यार्थियों के लिए एक विशेष ओरिएंटेशन व्याख्यान का आयोजन किया गया। डॉ. कुलदीप मलिक द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के परिप्रेक्ष्य में उच्च शिक्षा और भूगोल विषय की भूमिका पर व्याख्यान दिया गया। इस व्याख्यान में नई शिक्षा नीति के अंतर्गत शोध, व्यावसायिक अवसरों और अंतर–विषयक अध्ययन के महत्व पर प्रकाश डाला गया।

## मनोविज्ञान विभाग

21 अगस्त, 2024 को मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता पर चित्रकला और पोस्टर बनाने की प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। 10 सितंबर, 2024 को विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस पर, विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया गया। 10 अक्टूबर, 2024 को विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस मनाने के लिए महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, रोहतक के मनोविज्ञान विभाग द्वारा आयोजित एक जागरूकता रैली में महाविद्यालय के छात्रों के साथ भाग लिया आर उसी कार्यक्रम में एक विस्तार व्याख्यान में भी भाग लिया। छात्रों को मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के लिए 03 मार्च, 2025 को एक निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

सामाजिक विज्ञान समिति :

संयोजक श्री कुलदीप, सहायक प्राध्यापक इतिहास के निर्देशन तथा वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ राजकुमार सिवाच के सहयोग से सामाजिक विज्ञान समिति वर्ष भर सक्रिय रही है। दिनांक 11.11.2024 को सामाजिक विज्ञान समिति के तत्वावधान में भारत में राष्ट्रवाद के उदय के कारण विषय पर विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया गया । कार्यक्रम में राजकीय महाविद्यालय बहादुरगढ़ से सहायक प्राध्यापक, इतिहास श्री भूपेन्दर सिंह मुख्य वक्ता रहे। दिनांक 25.11.2024 को सामाजिक विज्ञान समिति पर राष्ट्रीय स्वयंसेवा योजना के द्वारा संविधान के विकास और प्रासंगिकता पर व्याख्यान व स्लोगन राइटिंग तथा पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया तथा विजेता छात्रों को प्राचार्या द्वारा प्रमाण–पत्र प्रदान किया गया। दिनांक 17–1–2025 को सामाजिक विज्ञान समिति व एन.एस.एस. के संयुक्त प्रावधान में हमारा संविधान हमारा स्वाभिमान कायक्रम का आयोजन किया गया। दिनांक 20 से 25 जनवरी, तक सामाजिक विज्ञान समिति व एन. एस. एस के सयुक्त

प्रावधान में हर घर परिवार सूर्य नमस्कार कार्यक्रम का आयोजन करवाया गया । दिनांक 25 जनवरी 2025 को सामाजिक विज्ञान समिति व एन. एस.एस. के संयुक्त तत्वाधान में राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया गया ।

वाणिज्य विभागः

वाणिज्य विभाग में 5 अगस्त, 2024 को वाणिज्य दिवस मनाया गया तथा इस अवसर पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता तथा नारा लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । दिनांक 5 सितंबर, 2024 को शिक्षक दिवस मनाया गया, जिसमें कार्ड मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । 'डिजिटल लर्निंग प्लैटफॉर्म सफलता की ओर एक रोड़मैप' विषय पर 25 अक्टूबर 2024 को एक विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया गया। 12 नवंबर 2024 को अंतरराष्ट्रीय लेखा दिवस मनाया गया तथा इस अवसर पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । इसके बाद 18 फरवरी, 2025 को 'शिक्षा का महत्व व बैंकिंग सुधार' विषय पर एक विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया गया । 'बजट एक समीक्षा' विषय पर एक व्याख्यान का आयोजन दिनांक 7 मार्च, 2025 को किया गया।

अर्थशास्त्र विभाग :

सयोंजिका डा. महक के निर्देशन में अर्थशास्त्र विभाग वर्ष भर सक्रिय रहा।

व्यक्तिगत उपलब्धियाँ

- डॉ. राजकुमार सिवाच, प्राध्यापक, राजनीतिक विज्ञान, सह आचार्य से आचार्य बने।

- डॉ–मीनाक्षी, सहायक प्राध्यापक, शारीरिक शिक्षा अजंता नामक अंतर्राष्ट्रीय **(ISSN NO 2277&5730 VOLUME X111**

जुलाई –सितंबर 2024) बहुविषयक त्रैमासिक शोध पत्रिका में शोध पत्र प्रकाशित ''वास्तविक शिक्षा और खेल में कार्यकारी विषय पर 12.08.2024 को महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के विद्यार्थियों को ''नशा मुक्ति'' विषय पर विस्तृत व्याख्यान दिया। 10.02.2025 को राजकीय महाविद्यालय रायपुर रानी पंचकूला द्वारा आयोजित एक दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस ''शिक्षा में मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता और माइंडफुलनेस एक व्यापक अध्ययन'' पर एक शोध पत्र प्रस्तुत किया गया। 01.02.2025 को राजकीय महिला महाविद्यालय सांपला द्वारा आयोजित एक दिवसीय संगोष्ठी में ''2024 राष्ट्रीय खेल नीति के धरातल स्तर पर खेल विकास में प्रभावों के मूल्यांकन'' विषय पर शोध पत्र प्रस्तुत किया। महर्षि दयानंद यूनिवर्सिटी में निम्नलिखित खेलों में सिलेक्शन क्लब मेंबर के रूप में कार्य किया:–

मेंबर लॉन टेनिस (महिला वर्ग)सिलेक्शन कमेटी

मेंबर बेसबॉल (महिला वर्ग)सिलेक्शन कमेटी

मेंबर सॉफ्टबॉल (महिला वर्ग) कमेटी

मेंबर क्रिकेट (महिला वर्ग) सिलेक्शन कमेटी

- डॉ. मीनाक्षी, सहायक प्राध्यापक, अंगजी : 01.02.25 को सर छोटूराम महिला महाविद्याालय सांपला द्वारा आयोजित एक दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार में शोध पत्र प्रस्तुत किया। 15.02.25 को राजकीय महाविद्यालय रायपुर रानी पंचकुला द्वारा आयोजित एक दिवसीय अंर्तराष्ट्रीय सेमिनार में '' शिक्षा मे मानसिक स्वास्थय जागरूकता व सचेतन एक व्यापक अध्ययन'' विषय पर शोधपत्र प्रस्तुत किया गया।

- सुप्रिया धनखड़, सहायक प्राध्यापक (वाणिज्य) ने सर छोटूराम राजकीय महिला महाविद्यालय, सांपला द्वारा 01 फरवरी, 2025 को आयोजित एक दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार में ''नारी सशक्तिकरण में उच्चतर शिक्षा की भूमिका विषय पर एक शोध पत्र प्रस्तुत किया।
- श्रीमती ऋचा, सहायक प्रोफेसर, वाणिज्य विभाग–महारानी किशोरी जाट कन्या महाविद्यालय रोहतक में 18 जनवरी 2025 को एक राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन किया गया था, जिसमें मैंने अपने पेपर प्रस्तुत किया है। पेपर का शोर्षक "इंडिया स्टेटस अस ए ग्रीन इकोनामी" था।
- डा. बबीता, सहायक प्राध्यापक, वाणिज्य विभाग ने **01/02/25** को सर छोटूराम राजकीय महिला महाविद्यालय सांपला द्वारा आयोजित एक दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार में ''डिजिटल लरनिंग के अवसर व चुनौतियां एक सर्वेक्षण '' विषय पर शोधपत्र प्रस्तुत किया। **15/02/25** को राजकीय महाविद्यालय रायपुर रानी पंचकुला द्वारा आयोजित एक दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सेमिनार में ''शिक्षा में मानसिक स्वास्थय व सचेतन एक व्यापक अध्ययन'' विषय पर शोधपत्र प्रस्तुत किया।
- डॉ. संदीप कुमार, सहायक प्राध्यापक, मनोविज्ञान विभागः मनोविज्ञान के आधारभूतत्व (2024) नामक संपादित पुस्तक में एक पुस्तक अध्याय प्रकाशित किया। 24–25 फरवरी, 2025 को एस.यू. एस. सरकारी कॉलेज मटकमाजरी (करनाल) द्वारा आयोजित दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में एक शोध पत्र प्रस्तुत किया।
- डॉ. महक, सहायक प्राध्यापक, अर्थशास्त्रः–दिनांक 14 अक्टूबर, 2024 को गुरु नानक खालसा कॉलेज यमुनानगर द्वारा आयोजित एकदिवसीय सेमिनार में ''सोशल स्टेटस ऑफ वीमेन इन प्रेजेंट

सिनेरियो'' विषय पर शोध पत्र प्रस्तुत किया दिनांक 30 नवंबर, 2024 को एस एन आरएल जयराम गर्ल्स कॉलेज लोहार माजरा द्वारा आयोजित नेशनल सेमिनार में ''लेटेस्ट ट्रेंड इन रिसर्च मेथाडोलॉजी''विषय पर शोध पत्र प्रस्तुत किया। जनवरी 2025 को महारानी किशोरी जाट कन्या महाविद्यालय द्वारा आयोजित राष्ट्रीय सेमिनार में शोध पत्र प्रस्तुत किया। दिनांक 6 और 7 मार्च को के एल पी कॉलेज रेवड़ी द्वारा आयोजित अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस में ग्लोबल चेंज और इंट्रडिसीप्लिनरी सॉल्यूशंस विषय पर शोध पत्र प्रस्तुत किया ।

- श्री कुलदीप, सहायक प्राध्यापक, इतिहास विभागः सहायक प्राध्यापक इतिहास कुलदीप ने शोध पत्र प्रकाशित किया। अमरस्मृति शीर्षक पुस्तक में एक अध्याय प्रकाशित किया।
- डॉ. कविता, सहायक प्राध्यापक हिंदी विभागः यू.जी.सी. केयर लिस्ट और पीयर रिव्यूड इंटरनेशनल शोध पत्रिका 'आश्वस्त' जून, 2024 अंक में ''गोविंद मिश्र के कहानी संग्रह मुझे बाहर निकालो में बदलते पारिवारिक संबंध'' शीर्षक से शोध पत्र प्रकाशित करवाया। 9 दिसंबर, 2024 को महर्षि दयानंद विश्वविद्यालयमें 'न्यूटरिगं लीडर शिप आफ पर्सन विद डिसेबिलिटी फॉर एन इंक्लूसिव एं डसस्टेनेबल फ्यूचर विषय' पर नेशनल सिंपोजियम मे भाग लिया। 18 फरवरी, 2025 से 22 फरवरी, 2025 तक महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय में पांच दिवसीय यूथ रेडक्रॉस कैंप मे भाग लिया। 11 मार्च 2025 को हिंदी विषय में बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय से पी.एच.डी पूर्ण की।
- डॉ जोगिंदर, सहायक प्राध्यापक, भूगोलः ''हाल ही में खाली हुए गोपाग गच ग्लेशियर लाहौल हिमाचल भार के क्षेत्र में उन सीटू वर्क

बेचिमेट्री के साथ रिर्पोट प्राप्त बर्फ की मोटाई का सत्यापन'' शोध पत्र प्रकाशित किया।

- श्रीमती सीमा, सहायक प्राध्यापक हिंदी ने सर छोटूराम राजकीय महिला महाविद्यालय, सांपला द्वारा 01 फरवरी, 2025 को आयोजित एक दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार में ''हिंदी साहित्य और बदलता समाज'' विषय पर एक शोध पत्र प्रस्तुत किया। इसके अलावा महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, रोहतक द्वारा 23–24 फरवरी ,2025 को आयोजित दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी में ''स्वामी दयानंद और हिंदी विषय'' पर शोध पत्र प्रस्तुत किया।
- डॉ प्रीति, सहायक प्राध्यापक, अंगजी विभाग ने दिनांक 14 अक्टूबर, 2024 को गुरु नानक खालसा कॉलेज यमुनानगर द्वारा आयोजित एकदिवसीय सेमिनार में ''सोशल स्टेटस ऑफ वीमेन इन प्रेजेंट सिनेरियो'' विषय पर शोध पत्र प्रस्तुत किया। दिनांक 30 नवंबर, 2024 को एस एन आरएल जयराम गर्ल्स कॉलेज लोहार माजरा द्वारा आयोजित नेशनल सेमिनार में ''लेटेस्ट ट्रेंड इन रिसर्च मेथाडोलॉजी'' विषय पर शोध पत्र प्रस्तुत किया। दिनांक 6 और 7 मार्च को के एल पी कॉलेज रेवड़ी द्वारा आयोजित अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस में ग्लोबल चेंज और इंट्रडिसीप्लिनरी सॉल्यूशंस विषय पर शोध पत्र प्रस्तुत किया।
